सं. डब्ल्यू-11019/2/2014-एसबीएम (जी)
भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
निर्मल भारत अभियान (एनबीए) प्रभाग

12वाँ तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ काम्पलैकस, लोधी रोड़,
नई दिल्ली-110003 दिनांक: 5 दिसम्बर, 2014
दूरभाष: 011-24364427, फैक्स: 24364869,
ई-मेल: sujoy.m@nic.in

सेवा में

प्रधान सचिव/सचिव, प्रभारी-ग्रामीण स्वच्छता, सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

महोदय/महोदया

मुझे संयुक्त सचिव (एसबीएम-जी) द्वारा राज्य सरकारों को संबोधित इस मंत्रालय के समसंख्यक पत्र को प्रेषित करने का निर्देश हुआ है जिसमें राज्य सरकारों से स्वच्छ भारत मिशन के अधीन बनाए जा रहे शौचालयों की फोटोग्राफ की आपलोडिंग सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया था।

2. तथापि आईएमआईएस पर दिखाए गए पिछले 15 दिनों के आँकड़े दर्शाते हैं कि अब तक बहुत ही कम फोटोग्राफों को अपलोड किया गया है।

3. मैं सूचित करना चाहूँगा कि सचिव, एमडीडब्ल्यूएस इसको बड़ी बारीकी से मॉनिटर कर रहे हैं। राज्यों से पुन: निवेदन है कि वे सभी समुचित कदम उठाएँ जिससे कि वर्तमान में बनाए जा रहे शौचालयों से शुरू करते हुए इन निर्मित शौचालयों की फोटोग्राफों को अपलोडिंग सुनिश्चित की जा सके जैसा कि उनकी आईएमआईएस पर रिपोर्ट जा रही है, बाद में 1.4.2014 से अक्टूबर, 2014 तक निर्मित इन शौचालयों की फोटोग्राफ अपलोड करें।

4. यह ध्यान दिलाया जाता है कि इस प्रावधान से इस मिशन की उच्चतम पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। राज्यों को सूचित किया जाता है कि इन फोटोग्राफों को अपलोड करने में असफल रहने पर फरवरी, 2015 से फंड रोका जा सकता है।

5. यदि राज्य के पदाधिकारी फोटोग्राफों को अपलोड करने में परेशानी अनुभव कर रहे हों तो वे सुश्री एस.सेन गुप्ता, तकनीकी निदेशक, एनआईसी या श्री ओ.पी. अग्रवाल, पीएसए, एनआईसी से दूरभाष संख्या 24362601, 24366372 पर संपर्क कर सकते हैं।

संलग्न: उपरोक्त अनुसार

भवदीय,

(सुजॉय मजुमदार)
निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

प्रतिलिपि: तकनीकी निदेशक, एनआईसी की मंत्रालय को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।